पंजाब केसरी 15/11/2025

# वंदे मातरम के 150 वर्ष होने पर उत्सव मनाना देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है : देवेंद्र नरवाल

अम्बाला, 14 नवम्बर (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की एन.एस.एस. यूनिट्स, वाई.आर.सी. और नगरपरिषद अम्बाला सदर द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का गायन तथा एन.एस.एस. यूनिट द्वारा बनाई गई मानव श्रृंखला रही, जिसमें विद्यार्थियों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद अम्बाला सदर द्वारा 'स्वच्छ अम्बाला, हरित अम्बाला' अभियान के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नगरपरिषद के कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल ने कहा कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष होने के उपलक्ष्य में उत्सव मनाना देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है राष्ट्रीय एकता, सद्भाव और जागरूकता का संदेश देने वाले ऐसे कार्यक्रम समाज को दिशा प्रदान करते हैं।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज का यह



*विद्यार्थियों को सम्मानित करते नगरपरिषद के कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल और प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)*

कार्यक्रम देश के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् हमारे देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। हमें इसके आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने नगरपरिषद के कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल, सुनील कुमार, ग तु शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए आशवासन दिलाया कि जी.एम.एन. कॉलेज का प्रत्येक विद्यार्थी एवं शिक्षक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत की मुहिम में साथ है और हमेशा रहेगा।

एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. चन्द्रपाल पूनिया एवं डॉ. पिंकी गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि वंदे मातरम केवल एक राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक गौरव और स्वतंत्रता सेनानियों के महान बलिदान की याद दिलाने वाला प्रेरणास्रोत है। युवाओं को इस गीत की भावना को समझना चाहिए और इसे अपने जीवन में उतारना चाहिए। राष्ट्र निर्माण में युवा पीढ़ी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और ऐसे कार्यक्रम राष्ट्रीय भावना को सशक्त करने का कार्य करते हैं।

इस अवसर पर एन.एस.एस. के अन्य सदस्यों गीती बिन्द्रा, राजिंदर मीरवाल, यूथ रैडक्रॉस सोसायटी के संयोजक डॉ. राकेश कुमार सहित सभी यूनिट सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा उपासना तथा बी.वी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र उत्कर्ष द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम की फोटोग्राफी बी.एस.सी. प्रथम वर्ष की छात्रा तृप्ति ने की।